राजा मानसिंह तोमर
संगीत एवं कला विश्वविद्यालय
ग्वालियर, मध्यप्रदेश

Raja Mansingh Tomar
Music and Arts University
Gwalior, Madhya Pradesh

क्रमांक/..4445/परीक्षा/रा.मा.तो.वि.वि./2021/ग्वालियर दिनांक 22./.6../2021

**प्रति,**

**समस्त प्राचार्य**
**सम्बद्धता प्राप्त संगीत एवं कला महाविद्यालय,राजा मानसिंह तोमर संगीत एवं कला विश्वविद्यालय ग्वालियर, ( म.प्र )**

**समस्त विभागाध्यक्ष,**
**अध्ययनशाला,रा.मा.तो.वि.वि.ग्वालियर**

**विषय :- ओपन बुक परीक्षा पद्धति के सम्बन्ध में।**

महोदय/महोदया,

विश्वविद्यालय की सेमेस्टर परीक्षा जून 2020-21 में स्नातक स्तर अष्टम सेमेस्टर नियमित/ एटीकेटी / एक्स, षष्टम सेमेस्टर एटीकेटी / एक्स एवं स्नाकोत्त्र स्तर चतुर्थ सेमेस्टर नियमित / एटीकेटी / एक्स के परीक्षार्थियों के प्रश्न-पत्र प्राप्त करने तथा उत्तरपुस्तिकाओं को जमा करने के सम्बन्ध में निम्नानुसार निर्देशों का पालन करना सुनिश्चित करें।

1. मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार उक्त कक्षाओं की परीक्षा ओपन बुक परीक्षा पद्धति के माध्यम से करायी जायेगी।
2. विश्वविद्यालय द्वारा उक्त कक्षाओं के समस्त प्रश्न - पत्र एक साथ विश्वविद्यालय की बेवसाइट एवं महाविद्यालयों/विभागाध्यक्षों की ई-मेल पर दिनांक 30.06.2021 को प्रातः 09 बजे से उपलब्ध कर दिए जाएँगे। समस्त प्राचार्य/विभागाध्यक्ष उक्त प्रश्न-पत्र प्राप्त करना सुनिश्चित करें एवं विद्यार्थियों को भी अनिवार्य रूप से सूचित करें।
3. समस्त प्राचार्य/केन्द्राध्यक्ष/विभागाध्यक्ष उक्त परीक्षाओं की लिखित उत्तरपुस्तिकाओं को दिनांक 30.06.2021 से 07.07.2021 तक परीक्षार्थियों से सम्बन्धित महाविद्यालयों / विभागों में अनिवार्य रुप से जमा करना सुनिश्चित करेंगे।
4. महाविद्यालयों / विभागों द्वारा विश्वविद्यालयों को उत्तरपुस्तिकाएँ निम्नानुसार प्रेषित की जाएः-
   **(A)** प्रत्येक प्रश्न पत्र का लिफाफा एवं प्रश्नपत्र कक्षावार बनाया जावे।
   **(B)** लिफाफे के ऊपर महाविद्यालय / विभाग का नाम, कुल उत्तरपुस्तिकाओं की संख्या, उपस्थित एवं अनुपस्थित विद्यार्थियों की संख्या का स्पष्ट उल्लेख किया जावे।
   **(C)** उक्त प्रत्येक लिफाफा ठीक प्रकार से सील कर प्राचार्य द्वारा हस्ताक्षरित तथा मुद्रा लगाकर अनिवार्य रुप से प्रेषित किया जाए।
   **(D)** उक्त समस्त प्रश्नपत्रों के पृथक-पृथक लिफाफे एक साथ बड़े लिफाफे में रखकर कक्षावार विश्वविद्यालय द्वारा जारी संलग्न **प्रारूप- 'स'** भरकर अनिवार्य रूप से प्रेषित करें।

(E) उक्त लिफाफा परीक्षा नियंत्रक राजामानसिंह तोमर संगीत एवं कला विश्वविद्यालय ग्वालियर के नाम से प्रेषित किया जावे।

जिन परीक्षार्थियों के प्रवेश पत्र विश्वविद्यालय द्वारा जारी किये गए है, केवल उन्हीं परीक्षार्थियों की उत्तरपुस्तिकाएँ विश्वविद्यालय को प्रेषित की जावें। अन्य उत्तरपुस्तिकाएँ विश्वविद्यालय द्वारा स्वीकार नहीं की जावेंगी। प्राचार्य का यह दायित्व होगा कि वह परीक्षार्थियों से उत्तरपुस्तिका महाविद्यालय में जमा कराये जाने से पूर्व उसके प्रवेश की जाँच कर लें। इस हेतु प्राचार्य/विभागाध्यक्ष उत्तरदायी होंगे।

5. परीक्षार्थियों द्वारा जमा की गई उत्तरपुस्तिकाओं को प्राचार्य / केन्द्राध्यक्ष / विभागाध्यक्ष दिनांक 12.07.2021 तक निर्धारित प्रारुप (विश्वविद्यालय बेवसाइट पर उपलब्ध) के साथ अनिवार्य रूप से विश्वविद्यालय में सांय 06 बजे तक जमा करना/कराना सुनिश्चित करेंगें।

**उक्त तिथि के पश्चात् प्राप्त उत्तरपुस्तिकाओं को स्वीकार किया जाना संभव नहीं हो सकेगा।**

**संलग्न - प्रारूप- 'स'**

Gowri 22/06/21

**परीक्षा प्रभारी**

क्रमांक/..९५५६/परीक्षा/रा.मा.तो.वि.वि./2021/ग्वालियर दिनांक 22/6/2021

**प्रतिलिपि :-**

1.मान.कुलपति जी रा.मा.तो.वि.वि.ग्वा. को सादर सूचनार्थ।
2.कुलसचिव महोदय, रा.मा.तो.वि.वि.ग्वा. को सादर सूचनार्थ।
3.प्रभारी, पी.आर.ओ. रा.मा.तो.वि.वि.ग्वा. को सूचनार्थ।
4.बेबसाइट पर अपलोड करने बावत्।
5.सूचना पटल पर चस्पा करने बावत्।
6.गाई फाइल।

Gowri 22/06/21

**परीक्षा प्रभारी**

राजा मानसिंह तोमर
संगीत एवं कला विश्वविद्यालय
ग्वालियर, मध्यप्रदेश

Raja Mansingh Tomar
Music and Arts University
Gwalior, Madhya Pradesh

क्रमांक/5557/परीक्षा/रा.मा.तो.वि.वि./2021/ग्वालियर दिनांक 22/6/2021

## -: परीक्षार्थियों हेतु अनुदेश :-

विश्वविद्यालय की सेमेस्टर परीक्षा जून 2021 में स्नातक स्तर अष्टम सेमेस्टर नियमित/ एटीकेटी / एक्स, षष्टम सेमेस्टर एटीकेटी / एक्स एवं स्नाकोत्तर स्तर चतुर्थ सेमेस्टर नियमित / एटीकेटी / एक्स के परीक्षार्थियों को ओपन बुक के माध्यम से सम्पन्न कराई जाने वाली परीक्षाओं की उत्तरपुस्तिकाओं के सम्बन्ध में निम्नानुसार निर्देशों का पालन करना अनिवार्य होगा।

1. दिनांक 30.06.2021 प्रात: 09 बजे से समस्त परीक्षार्थी अपने समस्त विषयों के सभी प्रश्न पत्रों को विश्वविद्यालय की बेवसाइट या महाविद्यालय के प्राचार्य / विभागाध्यक्ष से प्राप्त करना सुनिश्चित करें।
2. समस्त परीक्षार्थी अपने समस्त विषयों की लिखित उत्तरपुस्तिकाओं को एक साथ अपने परीक्षा केन्द्र / महाविद्यालय / विभाग में दिनांक 30.06.2021 से 07.07.2021 तक अनिवार्य रूप से जमा करना सुनिश्चित करें।
3. यदि परीक्षार्थी द्वारा उत्तरपुस्तिकाओं को पोस्ट के माध्यम से भेजा जाता है, तो छात्र अपने महाविद्यालय के प्राचार्य के नाम से / विभाग के विभागाध्यक्ष के नाम से संबंधित महाविद्यालय / विभाग में ही प्रेषित करें।
4. परीक्षार्थी स्वंय के पास उपलब्ध रजिस्टर के कागज / ए4 आकार के कागज़ की उत्तरपुस्तिका बना कर उत्तर लिखेंगे।
5. उत्त्र पुस्तिका हेतु नीली / काली स्याही (पेन) का ही उपयोग करना सुनिश्चित करें।
6. परीक्षार्थी को ओपन बुक परीक्षा में समस्त विषयों की प्रश्नपत्रवार पृथक -पृथक उत्तरपुस्तिका लिखना अनिवार्य है।
7. प्रत्येक उत्तरपुस्तिका के साथ **सलग्न प्रारूप-'अ'** की छायाप्रति भरकर, स्वंय के प्रवेश - पत्र की छायाप्रति सम्बन्धित परीक्षा केन्द्र/महाविद्यालय/विभाग में अनिवार्य रूप से संलग्न कर जमा करना सुनिश्चित करें।
8. परीक्षार्थी विश्वविद्यालय द्वारा उनके लिए निर्धारित **संलग्न प्रारूप-'ब'** को डाउनलोड करने के उपरांत उसकी प्रति भौतिक रुप से प्राप्त कर सकेंगे । जिसमें परीक्षार्थी द्वारा महाविद्यालय का नाम / स्वयं का नाम / कक्षा / विषय / प्रश्नपत्र/प्रश्नपत्र का शीर्षक / प्रश्न पत्र कोड / अनुक्रमांक (अंकों/शब्दों में) / नामांकन क्रमांक / उत्तरपुस्तिका की कुल पृष्ठ संख्या एवं अन्य सम्बन्धित जानकारी बिन्दुवार अंकित कर महाविद्यालय / विभाग में जमा कर पावती लेना सुनिश्चित करें।

**संलग्न- प्रारूप- 'अ','ब'**

22/06/2021
**परीक्षा प्रभारी**

क्रमांक/5558/परीक्षा/रा.मा.तो.वि.वि./2021/ग्वालियर दिनांक 22/6/2021

**प्रतिलिपि :-**

1.मान.कुलपति जी रा.मा.तो.वि.वि.ग्वा. को सादर सूचनार्थ।
2.कुलसचिव महोदय, रा.मा.तो.वि.वि.ग्वा. को सादर सूचनार्थ।
3.प्रभारी, पी.आर.ओ. रा.मा.तो.वि.वि.ग्वा.को सूचनार्थ।
4.बेबसाइट पर अपलोड करने बावत्।
5.सूचना पटल पर चस्पा करने बावत्।
6.गाई फाइल।

22/06/2021
**परीक्षा प्रभारी**